[ 7/8/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 3230 ]

# भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड

BCLL BHOPAL CITY LINK LIMITED

द्वितीय तल, बी–वींग, आई.एस.बी.टी केम्पस, डॉ अम्बेडकर मार्ग, भोपाल (म.प्र)

दूरभाष : 0755-2602070, ई–मेल- bcll_bpl@rediffmail.com

क्रं./बी.सी.एल.एल/2024/6245 भोपाल, दिनांक 05/12/24

प्रति,

महाअधिवक्ता,
मा. उच्च न्यायालय,
जबलपुर (म.प्र.)

विषय : मेसर्स केपीटल रोडवेज एंड फाई.प्रा.लिमि. द्वारा अनुबंध के समय जमा की गई Adjustable Security Deposit के सम्बन्ध में।

संदर्भः (1) बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज द्वारा प्रेषित पत्र क्रं. CRF/24-25/08, दिनांक 16.07.24,
(2) बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज द्वारा प्रेषित पत्र क्रं. CRF/22-23/43 दिनांक 28.08.2023, पत्र क्रं. CRF/24-25/03 दिनांक 16.04.2024 एवं पत्र क्रं. CRF/22-23/01 दिनांक 25.04.2022।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है, निविदा क्रं.–13 "Engagement of Operator for City Bus Operations on BRTS Corridor & Remaining Routes of Bhopal City Bus Services" अंतर्गत दिनांक 27.09.2013 को बीसीएलएल एवं बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज एंड फाई.प्रा.लिमि के साथ 75 नग बसों के संचालन हेतु अनुबंध निष्पादित किया गया था। वर्त्तमान में उक्त अनुबंध की अवधि समाप्त हो चुकी है।

उक्त बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज एंड फाई.प्रा.लिमि. द्वारा अनुबंध समयावधि में अनुबंध अनुसार बसों की Adjustable Security Deposit की राशि जमा की गई थी। बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज द्वारा अनुबंध के समय जमा की गई Adjustable Security Deposit की राशि का भिन्न–भिन्न कारण दर्शित कर उपरोक्त संदर्भित पत्र क्र 1 के माध्यम से राशि रु 1,20,86,250/- की तथा उपरोक्त संदर्भ क्र 2 में दर्शित विभिन्न पत्रों के माध्यम से राशि रु 73,62,947/- की Adjustable Security Deposit वापस किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

यह भी उल्लेखनीय है की बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज एंड फाई.प्रा.लिमि. द्वारा मा. उच्च न्यायालय, जबलपुर में आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन एक्ट 1996 के सेक्शन 11 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक AC-107/2024 भी दर्ज कराया गया है जिसमे बस ऑपरेटर द्वारा अनुबंध में उल्लेखित आर्बिट्रेशन क्लॉज़ को इनवोक कर बस संचालन में हुई हानि एवं Adjustable Security Deposit की राशि की मांग की गई है।

अतः उपरोक्त प्रकरण से संबध मे बस ऑपरेटर मेसर्स केपीटल रोडवेज एंड फाई.प्रा.लिमि के साथ निष्पादित अनुबंध की प्रति एवं मेसर्स केपीटल रोडवेज द्वारा उक्त Adjustable Security Deposit की राशि के सम्बन्ध में बीसीएलएल कार्यालय में किये गए आवश्यकं पत्राचारो की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित करते हुये अनुरोध है कि अनुबंध अनुसार Adjustable Security Deposit की राशि वापिस की जा सकती है या नहीं के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक अभिमत प्रदाय करने का कष्ट करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

(निधि सिंह)आई.ए.एस.
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड

क्रं./बी.सी.एल.एल/2024/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपिः–

(1) आयुक्त, नगर पालिक निगम, भोपाल की ओर निज सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।

(2) ........................................ की ओर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्तुत हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड, भोपाल

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग